Therefore the new Prime-Minister needs to urgently discuss these issues with the Secretaries and advisors of the government and draft a pragmatic road map for the economic development and then address the nation accordingly. This 30-point program encompasses all the issues of economic development, GDP growth and unemployment. There is no other short-cut to achieve this holistic objective. Therefore the Government needs to adopt and implement this program sincerely and strictly to make India the elusive economic power house and supersede China by 2025. The country has the strength to achieve this feat by 2025 and there is no doubt about it.

हर सांस में समाई है शहीदों की याद

lj tHkku nfg;k

जाटलैंड त्याग एवं बलिदान का प्रतीक है। जाटों के लिये इससे अधिक गौरव का विषय क्या हो सकता है कि जब भी समय की पुकार हुई जनमानस ने अपने रक्त से इतिहास का सृजन कर दिया। इसे जनइतिहास कहते हैं। जाटलैंड में असंख्य शहीदी गांव है और यह पावन भूमि अंसख्य शहीदों की जन्मदाता है। उन्होंनें मानव कल्याण हेतु अपने आपको स्वतः ही समर्पित कर दिया। आइये जन इतिहास को जानने के लिये उन गांव में चले जहां पर न जाने कितनी मानव संघर्षों की श्रृंखलाओं की विरासत विद्यमान है। पर इतिहास के पन्नों से गायब है। समर्पण एवं वीरत्व इस धरती के लिये नई चीज नहीं है इसकी एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि है। जब इसे महार्षि क्षेत्र में वैदिक संस्कृति तेजी से विकास की और अग्रसर थी, महाराजा पृथु माधता जैसे चक्रचर्ती नरेशों ने सरस्वती के पावन तीर्थों पर ही राजसूर्य यज्ञ और अश्वमेघ रचाये थे। महाभारत का युद्ध भी इसी वीरभूमि का विशेवय है। महाभारत के बाद भी यहां के निवासियों ने सदा अन्याय, अत्याचार एवं धर्मान्ध के विरूद्ध आवाज उठाई एवं कुरबानियों का सिलसिला जारी रखा। अपनी धरती के लिये जान पर खेलना जाटलैंड के लोगों के खून में हैं। यहां का गबरू दिलेरी से जूझकर लहुलुहान होता है फिर कुरबानी पर गर्व से मुस्कराता है। जाटलैंड में शहीदों के किस्सों में लिपटी उनकी यादें आज भी इस छोर के गांव से लेकर उस छोर के गोव तक प्रेरणास्वरूप प्रवाहित हो रही है। जाटलैंड ने अपनी महानगरी दिल्ली में कितने साम्राज्यों का का उत्थान–पतन देखा है। हुकमतें आई और मिट गई, पर दिल्ली के चारों ओर बसे जाट क्षेत्र के वासियों ने अपनी संस्कृति और सामाजिक परम्पराओं को कायम रखा। इसके लिये उन्हें कई बार भारी मूल्य भी चुकाना पड़ा है पर हमें यही प्रेरणा मिलती रही – कुछ तो बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी और हर जुबान पर यही शब्द रहे– ''हारया नर वो जाणिये जो कहे हार की बात''

''चाँदनी चौंक'' दिल्ली की शान जाट बहादूरों की वीरता वसुधरा है जहां आज भी शहीदों के खून की लाली दमक रही है। घरों मे हमेशा शहीदों की पौध उगती रही है। हमें पता है कि इतिहास हमेशा बहादूरों के लिखे जाते है और हम यदि चाँदनी चौक के सन्दर्भ में इतिहास का आवलोकन करें तो हमें अपने वीरों की शहादत पर गर्व है।

चाँदनी चौंक दिल्ली में गुरूद्वारा शीश गंज है तथा 1857 की जनक्रान्ति का शहीदी स्मारक भी है। दोनों ऐतिहासिक स्थल जाटकुरबानी को बयान करते हैं। चलो गुरूद्वारा शीशगंज को शहादत से शुरू करते है। सन् 1675 में औरंगजेब के हुक्म से गुरूतेगबहादुर जी को चाँदनी चौंक में शहीद कर दिया तथा उनका शीश और धड़ अलग–अलग शहीदी स्थल पर पड़े थे। इस जुल्म के पश्चात वहां सन्नाटा था परन्तु औंरगजेब के जुलम के सामने कोई आवाज उठााने की हिम्मत नहीं उठा पा रहा था। परन्तु गुरू जी के शरीर का अन्तिम संस्कार तो करना ही था। लालकिले के सामने कुछ व्यापारी अपनी बैलगाड़ियों के साथ इस त्रास्दी को देख रहे थे। अंतिम संस्कार हेतु कुछ सिखों ने उनसे सम्पर्क किया परन्तु औरगंजेब के सिपाहियों के जुल्म से वे अति भयभीत थे। उनमें एक व्यापारी किसान मादी गांव (नारनौल, हरियाणा) का गौदां था। उसने गुरू जी के शरीर को वहीं से उठाने का साहस किया। वह शहीदी स्थल पर गया तथा घास फूंस से अपने शरीर को ढ़ककर अपने आपको खंजर घोप डाला वह मृत्यु को प्राप्त हो गया तथा चारों ओर उनका शहीदी रक्त फैल गया। दो सिख बहादुरों ने गुरू जी के शीश तथा धड़ को वहां से उठा लिया। औरगंजेब के सिपाहियों को यह अहसास नहीं हो पाया तथा वे गौंदा बहादुर के पड़े शरीर को ही गुरू जी का शरीर समझते रहे। लखीशाह बंजारा ने गुरूजी के धड़ को वर्तमान बगंलासाहब गुरूद्वारा नई दिल्ली के स्थल पर अग्नि को समर्पित करके गुरू के शरीर का दाह संस्कार कर दिया। दूसरी ओर भाई जैता जी गुरूजी के शीश को लेकर सानीपत जिले के गांव बड़खालसा पहुंचें तथा रात एक जाट परिवार के घर बिताई। जाट परिवार ने बड़े सम्मान के साथ जैता जी की सेवा की तथा गुरूजी के शीश की रात भर सुरक्षा की। प्रभात होने से पूर्व भाई जैता को जाट परिवार के लोगों ने कोसों दूर तक सुरक्षा देकर गन्तव्य तक पंहुचने का साहस दिया तथा अन्ततः गुरूजी का शीश आनन्दपुर साहब पहुंच गया।

इस घटना क्रम का जब औरंगजेब के सिपाहियों को पता चला तो वे भयभीत हो एवं आवेश में आ गये। उस समय औरगंजेब दक्षिण में था। औरंगजेब के आने से पूर्व सिपाहियों ने इस घटना को दबाने के सभी प्रंबध किये। बड़ खालसा के जाट परिवार के सभी सदस्यों का कत्ल कर डाला परन्तु गुरू जी की कुरबानी को वे पहले ही सम्मान दे चुके थे। जाट कौम को इस प्रकार की कुरबानी देने को सदैव सौभाग्य प्राप्त रहा है।

हम एक ऐतिहासक अभूतपूर्व क्षण के साक्षी हैं। लोककल्याण के लिए आत्मत्याग करने वालों में हमारे पूर्वज महार्षि दधीचि से लेकर आजतक न जाने कितनी जाट विभूतियां हुई है पर क्या हम इन की शहादतों को जन जन तक पहुंचा पाये हैं?

प्राचीन वैदिक भू–क्षेत्र जाटलैंड में सृष्टि काल से शिमहाराज की गणी व्यवस्था प्रचलित रही है जिसमें जन ही शक्ति रही है और जन ही इतिहास रहा है। सदैव जन साधारण ने ही मातुभूमि (भारत मात) संस्कृति (वैदिक संस्कृति) व मातृभाषा की रक्षा की है। जनशक्ति ही सदैव यहां प्रभावी रही है अतएव इस शक्ति को इतिहास के पन्नों में लाना ही सही इतिहास ी परिभाषा है। क्या हमें यह आभास नहीं होना चाहिये कि शीशगंज चांदनी चौंक गुरूद्वारे का इतिहास गौंदा जाट व बड़ खालसा जाट परिवार की शहादत का भी इतिहास है। क्यों हमारे इस गौरवशाली शहादत को इतिहास के पन्नों से गायब कर रखा है? हमें इस त्रुटि को सुधार कर सही इतिहास बयान करना होगा।

हमें गर्व है कि गुरू तेगबहादुर की शहादत की स्मृति में शीशगंज गुरूद्वारा बना हुआ है। यहीं पर 1857 के स्वतंत्रता

संग्राम के महानायक अश्वमेघी बल्लभगढ़ नरेश नाहर सिंह ने भी 9 जनवरी 1858 को शहादत दी थी। फांसी का फंदा चुमते हुये 36 वर्षीय सिंह ने कहा था ''दीपक बुझा न पाए'' चाँदनी चौंक में राजा नाहर सिंह की समाधि तो है पर वहां पर स्वतन्त्रता लाठ का निर्माण क्यों नहीं? वहां तो स्वतन्त्रता ज्वाला ज्योति प्रज्जवलित रहनी चाहिये यही है चाँदनी चौंक की असली विरासत।

दीपक की लौ तो भगत सिंह ने बुझने नहीं दी। निःसन्देह जाटों को राष्ट्रीय भावनाओं का कलश पंरम्परागत तौर पर अपने पूर्वजों से मिला है। जब कभी राष्ट्रीय सेवा का आह्वान हुआ है जाट सदैव अग्रिम पंक्ति में खड़े मिले हैं। नेताजी सुभाष ने जब कहा 'दिल्ली चलो' का जयघोष किया तो हजारों जाटों ने आजादहिन्द फौज को सुशोभित किया। आजादहिन्द फौज के एक सिपाही मेहर सिंह ने अपनी आखिरी ऐतिहासिक रागनी में राष्ट्रीय भावना का गहरा रंग छोड़ा।

''साथ रहणिया संग के साथी दया मेरे पे फेर दियो
देश के ऊपर जान झोंकदी लिख चिठ्ठी में गेर दियो।
एक बात तै या भी लिख दो मत उल्टा कदम हटाइयो रै
जिस जननी का दूध पीलिया मत रण में आण लजाइयो
कह मेहर सिंह प्रोण त्याग कै कर दुयमन को ढेर दियो
साथ रहणिया संग के साथी.....''

आजादी के बाद देश ने पांच युद्धों का सामना करना पड़ा। इनमें कोई 10 हजार जवान वीरगति को प्राप्त हुये। इनमें सबसे ज्यादा शहादत देने वाले जाट जवान थे। लिखने का तात्पर्य यह है कि जाटों की वीरता व शहादत का बरवान मनुस्मृति से आजतक निरंतर होता रहा है। तो प्रश्न अब यही उठता है कि क्या हम भारत के इतिहास को चाटूकरों के हाथों में रहने दें–हमें तो सही इतिहास का बरवान करना ही होगा और शहीदों की चिताओं पर मेले लगाने ही होगें तभी भारत का जन (जनसाधारण) देश अधिनायक बनेगा।

Railway Budget-2014

To
The Editor
Jat Lehar Chandigarh

The railway budget -2014 is as insipid as it was last year. A good budget should clarify two issues. Firstly it should tell the status of ongoing projects and the new projects to be taken up to meet the targets projected in the 12th Five Year Plan document and the Vision document of the Railway Ministry prepared two years ago. Secondly the budget should indicate the total requirements of funds , their availability and management, The basic philosophy of the Indian Railway (IR) network is to electrify the entire track length by 2025 and increase the share in passenger traffic and freight movement to the extent of 50 % and save the consumption of diesel oil worth Rs. 1lakh crore annually . There is no mention of this commitment in the budget . Introduction of 58 super fast trains does not constitute a good budget. The budget lacks boldness and is only a litany of familiar platitudes. Mr. Gowda puts entire reliance on FDI and PPP model for executing new projects.PPP model has failed in India. Look at how people are breaking the Toll-Tax barriers. The budget is also silent maladies plaguing the IR. Some of these are as bellow.1) IR has become a behemoth organisation and needs radical restructuring / downsizing as mentioned in the Presidential address.2) Presently only 35% of railway tracks (24000 kms) are electrified and doubled. The most pressing need is to electrify and double the tracks at the rate of 5000 kms per year against the present rate is only 200 kms .3) A large percentage of tracks remains under utilised. For example ,only one train runs along the newly laid Rohtak-Rewari railway line. This problem can be solved only if the states are allowed to lay their own railway links and run trains within their territories. For example a railway link of 25kms between Ukalana and Narwana can connect the Sirsa -Hissar section with Delhi -Chandigarh railway line.These three steps if implemented urgently , can r revolutionise the IR. Kindly publish this letter in the columns of your esteemed newspaper.

Yours
Sincerely,
Ram Niwas Malik
Engineer-in-Chief (Retd.)
E1/5, Gurgaon.
9911078502.

भरतपुर जाट राजवंश के आधार स्तम्भ

jkd'k ljkgk

भरतपुर के इतिहास में वीर चुरामन का नाम बहुत ही सुन्दर ढंग से लिखा गया है। वह पहला योद्धा था जिसने जाटों को संगठित कर जहां शक्ति का सृजन किया वहीं देश में पहली बार स्वतंत्र सत्ता स्थापित कर भावी भरतपुर जाट रियासत की नींव डाली जिसे राजा बदन सिंह ने अपनी दुरदर्शिता से सिंचित किया तथा इसका विस्तार किया तथा बाद में महाराजा सूरजमल ने अपने असीमित साहस, पराक्रम और दुरदंशिता से उत्तरी भारत में एक प्रचण्ड शक्ति के रूप में खड़ा किया तथा इस रियासत की सीमाओं का विस्तार करके मुगलों तथा मराठों के सामने जाट शक्ति का दबदबा कायम किया । भरतपुर के जाट राजवंश के शासकों में वीर जवाहर सिंह व महाराजा रणजीत सिंह का नाम भी प्रमुखता से लिया जाता है उन्होंने भरतपुर पर प्रभावशाली ढंग से शासन किया तथा भरतपुर के जाट राजवंश को चार चांद लगाये इसके अतिरिक्त भरतपुर के राजवंश के प्रमुख शासक ये हुए है। महाराजा रतन सिंह, महाराजा केहरी सिंह, महाराजा रणधीर सिंह, महाराजा बलदेव सिंह, महाराजा राम सिंह, महाराजा किशन सिंह तथा महाराजा वृजेन्द्र सिंह परन्तु इन सब शासकों में भरतपुर रियासत के मुख्य आधार स्तम्भ ठाकुरबदन सिंह तथा महाराजा सूरजमल ही थे। जिनका नाम भरतपुर के जाट राजवंश के शासकों में स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है।

Bkdqj cnu flag ¼1723&56½ % ठाकुर बदन सिंह ने अपने राजनैतिक जीवन की शुरूआत जयपुर के महाराजा सवाई जय सिंह के सामन्त के रूप में की थी। ठाकुर बदन सिंह के विनम्र ओर शिष्ट व्यवहार से सवाई जय सिंह प्रभावित थे इसलिए उन्होंने बदन सिंह के सिर पर टीका लगाकर उन्हें राजा की पदवी से विभूषित किया तथा मथुरा, वृंदावन, महावन, छाता और होडल परगनों की जागीरें भी ठाकुर वदन सिंह को प्रदान कर दी। 1725 में सवाई जय सिंह ने ठाकुर बदन सिंह को उसके प्रशासनिक परगानों का प्रशासन स्थाई रूप से हस्तान्तरित कर दिया ठाकुर बदन सिंह शान्ति प्रिय शासक था उसमें सैनिक प्रतिभा का अभाव होते हुए भी वह साहसी और दूरदर्शी था। 1725 में ठाकुर बदन सिंह ने अपनी राजधानी केरूप में डीग मेकं किला, बगीचे और महलों का निर्माण करवाना आरम्भ कर दिया जो उस शताब्दी के अंत तक ही चलता रहा इसके अतिरिक्त उनके समय में कुम्हेर, भरतपुर और बैर के दुर्गो का भी निर्माण आरम्भ किया गया। ठाकुर बदन सिंह का पुत्र सुरजमल बड़ा योग्य सेनानायक था। उनके शासनकाल में सेना का संचालन व संगठन का कार्य सुरजमल के हाथों में ही रहा। बदन सिंह ने महाराजा जयसिंह का विश्वासपात्र बनकर जहां अपने क्षेत्र और प्रभाव को बढ़ाया वहीं उन्होंने सम्पन्न ओर प्रभावशाली परिवारों से वैवाहिक सम्बन्ध भी स्थापित किये। 1729 में सवाई जय सिंह ने फरीदाबाद, पलवल और मेवात की राहदारी वसूलने का अधिकार भी बदन सिंह ने दिलवा दिया। बदन सिंह ने अपने कार्यकाल में अपने क्षेत्र व शकित का भरपुर विस्तार किया परन्तु अपने नेत्र रोग के कारण दीर्घकाल तक शासन का कार्य नहीं कर सके तथा बीस साल शासन करने के पश्चात इन्होंनें अपने शासन के सारे अधिकार अपने पुत्र सुरजमल को सौंप दिये थे। ठाकुर बदन सिंह का 7 जून 1756 को डीग के महल में देहान्त हो गया तथा इस प्रकार एक वीर, दुरदर्शी तथा साहसी शासक के युग का अनत हुआ।

egkjktk lwjey ¼1756&1763½ %& सूरजमल का जन्म सन् 1707 में ठाकुर बदन सिंह के पुत्र के रूप में हुआ था। ठाकुर बदन सिंह का उतराधिकारी सूरजमल का शरीर मध्यम दर्जे का तथा सुंगठित था। उसमें अपने मूल वंश के सभी गुण थे उसमें स्फूर्ति, साहस, वीरता, चालाकी, दुरदर्शिता तथा संगठन क्षमता के सभी गुण विद्वमान थे। जिस समय ठाकुर बदन सिंह की मृत्यु हुई उस समय सुरजमल की आयु अधिक नहीं थी। उतराधिकार सम्भालने के पश्चात सूरजमल ने सर्वप्रथम कार्य जाट जाति में अपने आपको स्थापित करने का किया था। सवाई जय सिंह जाट कुंवर सूरजमल को अपने पुत्र के समान स्नेह करते थे। महाराजा जय सिंह ने मरने से पूर्व सूरजमल से यह वचन लिया था कि तुम मेरे ज्येष्ठ पुत्र ईश्वर सिंह की ओर जयपुर की गद्दी की सदैव रक्षा करोगे। सूरजमल ने भी इस सम्बन्ध में राजा जय सिंह को पूर्ण आश्वासन दिया था। 21 सितम्बर 1743 में सवाई जय सिंह की मृत्यु हो जाने के कारण वह अवसर भी आ गया जब सूरजमल द्वारा दिये गये अपने वचन का निर्वाह करना पड़ा। सवाई जय सिंह की मृत्यु के पश्चात वंश परम्परा के अनुसार ज्येष्ठ पुत्र ईश्वरी सिंह का राज्यभिषेक किया गया परन्तु माधों सिंह ने अपने बड़े भाई ईश्वरी सिंह के राज्यभिषेक को सीधे चुनौती दे दी तथा जोधपुर, बुंदी तथा कोटा के शासको ने भी माधोसिंह का समर्थन कर दिया। इन हालात में ईश्वरी सिंह ने सूरजमल को अपनी सहायता के लिए बुलाया। 20 अगस्त 1748 को गहरू नामक स्थान पर दोनों सेनाओं का मुकाबला हुआ। यह लड़ाई चार दिनों तक चली जिसमें सूरजमल ने अद्भूत वीरता का परिचय देकर मराठों का मनोबल तोड़ दिया। मजबूर होकर होल्कर को ईश्वरी सिंह के सामने शान्ति का प्रस्ताव रखना पड़ा इस प्रकार इस युद्ध के माध्यम से राजा ईश्वरी सिंह को न्याय मिला तथा माधों सिंह को पूर्व में मिले पांच परगानों से सन्तोष करना पड़ा।

इस युद्ध ने राजा सूरजमल की प्रतिष्ठा को चार चाँद लगा दिये इसकी बहादुरी से प्रभवित होकर अब अन्य शासक भी इनसे सहायता की अपेक्षा करने लगे राजा सूरजमल के नेतृत्व में जाटों की शक्ति का सभी लोग लोहा मानने लग गये थे इस समय का लाभ उठाकर राजा सूरजमल ने भी जाट राज्य की सीमा का विस्तार किया तथा मुगलों से तथा मराठों से लोहा लिया। राजा सूरजमल ने राजनैतिक विवाहों के द्वारा अपने राज्य का विस्तार करने की अपने पिता बदन सिंह की नीतियों का भी अनुकरण किया। उन्होंनें अपना विवाह होडल के एक शक्तिशाली व सम्पन्न जाट प्रमुख चौधरी काशीराम की पुत्री किशोरी बाई से किया इस प्रतिभाव रानी का नाम भरतपुर के इतिहास में मुख्य रूप से पढ़ने को मिलता है। भरतपुर का इतिहास इस बात का

गवाह है कि दुरदर्शी, साहसी और कुशल राजनीतिज्ञ रानी किशोरी बाई ने अपने उचित निर्णय तथा प्रशासनिक कुशलता से भरतपुर की साख को अनेकों बार गिरने से बचाया था। महाराजा सूरजमल ने अपने जीवन में कठिन से कठिन हालातों में कभी हार नहीं मानी तथा अनेक युद्धों में वीरता, अद्भूत शौर्य, पराक्रम, दुरदर्शिता तथा कुटनीति का प्रदर्शन करके युद्धों में सफलता प्राप्त की तथा भरतपुर जाट राज्य की सीमाओं का विस्तार किया। ठाकुर बदन सिंह की मृत्यु के पश्चात जाट राज्य को यदि किसी ने मजबूती के साथ विस्तार किया तो उसमें पहला और अन्तिम नाम महाराजा सूरजमल का आता है। उन्होंनें भरतपुर का विशाल अजेय दुर्ग ही नहीं बनवाया बल्कि अनेक दुर्ग, गढिया, भवन तथा बगीचों का भी निर्माण करवाया। इसके अतिरिक्त उस समय के भंयकर युग में भी मुगलसत्ता तथा मराठों को चुनौती देते हुए एक लोह स्तम्भ की भांति अडिग खड़े रहे। एक सुगठित सैना तथा अपनी चतुराई की सहायता से महाराजा सूरजमल ने अपने राज्य का विस्तार किया उनकी मृत्यु के समय उनके राज्य में भरतपुर, अलवर, धौलपुर, आगरा, बुलन्दशहर, सहारनपुर, मथुरा, होडल, पलवल, गुडगांव, बल्लबगढ़, अलीगढ़ हाथरस तथा दिल्ली के आसपास का क्षेत्र शामिल था। सूरजमल ने अपने पीछे एक ऐसा विस्तृत राज्य छोड़ा था जहां शान्ति और समृद्धि का शासन था। 25 दिसम्बर 1763 को महारजा सूरजमल की मृत्यु के पश्चात भी उनके जाट शासकों ने भरतपुर राजवंश की वपंश प्रणाली के अन्तर्गत भरतपुर पर शासन किया परन्तु उनके शासन काल में भरतपुर का जाट साम्रज्य शनै–शनै कमजोर होता चला गया। वीर जवाहर सिंह व महाराण रणजीत सिंह तथा महारानी किशोरी के प्रयासों व कार्यों को भी भरतपुर के राजवंश के इतिहास में भुलाना सम्भव नहीं है। जिन्होंनें भरतपुर राजय को मजबूती प्रदान करने के लिए अद्भूत साहस, दूरदर्शिता व वीरता का परिचय दिया था।

List of Donors of Jat Sabha Chandigarh

Sh. Partap Singh s/o Sh. Banwari Lal	# 447, Sector 2, Panchkula	5100.00
Major Sandeep Sangwan	# 629, Sector 16-D, Chandigarh	5100.00
Sh. Dev Raj Dahiya	# 276/28, West Ram Nagar, Sonepat	5100.00
Ashwani Duhan	Ram Nagar Colony, Arya Samaj Road, Jind	5100.00
Sh. P. S. Malik, IFS (Rtd.)	# 464, Sector 2, Panchkula	5000.00
Sh. Anil Kadyan	# 720, Sector 23, Sonepat	5100.00
Sh. Pardeep Singh Tomar	VPO: Gudhan, Distt. Rohtak	5100.00
Sh. Naresh Bhanwala	# 3881, Urban Estate, Jind	5100.00
Sh. Gurvinder Singh Phor	VPO: Shekhpura Khalsa, Distt Karnal	5100.00
Sh. Daya Nand s/o Sh. Sahib Singh	VPO: Shekhpura Khalsa, Distt Karnal	5100.00
Sh. Ajit Khatkar s/o Sh. Kanwar Bhan Singh	VPO: Shekhpura Khalsa, Distt Karnal	5100.00
Sh. Naresh Phor s/o Sh. Partap Singh	VPO: Shekhpura Khalsa, Distt Karnal	5100.00
Sh. Surjeet Singh s/o Sh. Jaswant Singh	VPO: Shekhpura Khalsa, Distt Karnal	5100.00
Sh. Savtantra Dagar s/o Sh. Ajit Singh	VPO: Baghru, Distt. Sonepat	5100.00
Sh. Yadvender Kharb s/o Sh. Ved Singh	# 1339, Urban Estate, Jind	5100.00
Sh. Rajesh Sihag s/o Sh. Bharat Singh	# J-174, May Filed Garden, Sector 51, Gurgaon	5100.00
Sh.Naresh Kundu s/o Sh. Kishan Singh	# 994, Sector 3, Rohtak	5100.00

स्त्री का स्वाभिमान

राजा सुशांत सिंह एक धर्मपरायण और न्यायप्रिय शासक थे। वह अक्सर वेश बदलकर अपनी प्रजा का हालचाल जानते रहते थे। एक दिन उन्हें पता चला कि उनके राज्य में रहने वाली एक महिला का पति गलत संगति में पड़ गया है और नाराज होकर महिला ने अकेले रहना शुरू कर दिया है। महिला के पास रोजगार का कोई नियमित साधन नहीं था, इसलिए उसका जीवन कठिनाई में बीत रहा था। राजा वेश बदलकर उस महिला के पास पहुंचे। उन्होंने कहा, 'देवी, आप अत्यंत कठिनाई में अपना जीवन गुजार रही हैं। क्या आप बेसहारा हैं? यह सुनकर स्त्री चौंककर बोली, 'आपसे किसने कहा, मैं बेसहारा हूं। मैं बिल्कुल बेसहारा नहीं हूं।' इस पर राजा बोले, 'पर आप रहती तो अकेली हैं' महिला बोली, 'अकेले रहने का यह अर्थ नहीं है कि मैं बेसहारा हूं। मेरे तो तीन–तीन सहारे हैं।' राजा ने पूछा, 'आपके तीन सहारे कौन हैं? क्या मैं उनका नाम जान सकता हूं।' महिला बोली, बिल्कुल जान सकते हैं। मेरे दोनों हाथ, मेरा धर्म और मेरा ईश्वर मेरा सहारा हैं। अब आप ही बताइए जिस महिला के पास जगत के सबसे बड़े सहारे मौजूद हों, वह बेसहारा कैसे हो सकती है? महिला के इस जवाब ने राजा को निरूतर कर दिया। वह गर्व से बोले, जिस राज्य में आप जैसे स्वाभिमानी और कर्मठ महिला रहती हो, वह राज्य धनी है। मैं क्षमा चाहता हूं कि मैंने आपको बेसहारा कहा। फिर उन्होंने उस महिला को अपना सही परिचय दिया। उन्होंने उस महिला को अपने महल की रसोई का कार्यभार संभालने का काम सौंप दिया।

WOMEN OF HARYANA ARE BEST IN THE WORLD

R.K. Malik, Senior Advocate

I have seen almost whole world and realized that women of Haryana are best in the world. 99% women of Haryana don't smoke nor drink. Even 99% girls of Haryana voluntarily transfer their property share to their brothers. Although, I have not heard that any brother has transfer his property share to his brother whose financial position is weak but 99% girls of Haryana even if their financial position is weak still voluntarily transfer their property share to their brothers.

In the month of June, 2014 I was in England and I came to know that in England 20% girls give birth to the child without marriage and even for this action, the Government provide them free house and also give financial assistance as if they have done some noble cause. In England, 60% women have solemnized more than one marriage. Only 20% women in England can only say that they have only solemnized one marriage. I have not seen any English lady who was not smoking or taking drink.

One Indian living in England was telling that one English boy is doing service with him and he was telling that one day he came on job in a taxi driven by his present father who is presently husband of his mother and he has charged full rent from him which he was charging from other passengers.

One day, I was talking to Englishman and I have brought to his notice that in my state i.e. Haryana, 99% ladies don't touch the wine nor they smoke and they don't even think regarding divorce even in their unconscious mind. Even if their financial position is weak still they transfer their whole share of property voluntarily in the names of their brothers. Even 100% work of home is performed by the ladies in Haryana and in the said home work even she doesn't take the assistance of her husband. The said Englishman remarked that I don't believe that such standards women are still on the earth. I asked him, if it is true that such standard women are in Haryana how you will grade them and his remarks were that if it is true that such types of women are still there in some states, they are God.

So, I will requests to the men of Haryana that there is no need to go in temple; Devis are residing in their house. Give full respect and affection to them.

वैवाहिक विज्ञापन

- SM 4 Jat Girl (12.9.87) 27/5'3.5" M.Com, B.Ed. From MDU. Currently teaching Accounts & Business in a reputed school at Rohtak. Father retired from Air Force, Owner of three acre land and own house & plot in village. Avoid Gotras: Dagar, Kharb, Suhag, Cont.: 08053108405
- SM 4 Jat Girl(11.11.85) 29/5'6" M.A (History) from Delhi University. Pursuing P. Phil from Delhi University and getting Scholarship Rs. 5000/- PM. Father MCD (civil) Contractor, Brother Manager in Food Corporation of India. Avoid Gotras: Chhikara, Suhag, Ruhil, Cont.: 09873244677
- SM 4 Jat Girl (13.7.90) 24/5'8" M.A (Economics) Working in a reputed private Company. Avoid Gotras: Hooda, Malik, Khatri, Cont.: 09417529417
- SM 4 Jat Girl 26/5'6" Economics Hons. MBA, Working in AXIS Bank at Gurgaon with Rs. 6.5 Lac PA. Mother Associate Professor, Brother Income tax Inspector. Avoid Gotras: Deswal, Malik, Lather, Cont.: 09996149490
- SM 4 Jat Girl 31/5'5" MCA, MBA, NET, Ph.d. Employed as Director in Engineering College, Palwal. Avoid Gotras: Saharan, Hooda, Malik, Cont.: 09813730434, 01257-277179
- SM 4 Jat Girl 24/5' MA (History), BEd., Pursuing P Phil from Punjab University Chandigarh. STET (PGT) qualified. Father Haryana Govt. Employee at Panchkula. Avoid Gotras: Rangi, Kuhar, Rana, Solanki, Tomar, Gehlan, Cont.: 09467507715
- SM 4 Jat Girl 25/5'2" Chemical Engineer from P.U. (B.Tech.) Employed in Reliance Company in Vadodra (Gujrat) with 6.5 lac package, Avoid Gotras: Lohchab, Bajaad, Hooda, Dhankar, Cont.: 08146991568, 09803450267
- SM 4 Jat Girl 26/5'3" MCA, MBA, Employed as supervisor in Central Govt. on contract basis. Avoid Gotras: Bagri, Nehra, Nain, Cont.: 09417415367
- SM 4 Jat Boy 24/5'9" Employed as Clerk in Excise & Taxation Deptt. Haryana Government. Agriculture land 18 acres. Avoid Gotras: Kadyan, Jakhar, Jatrana, Cont.: 09466352484
- SM 4 Jat Boy 28/5'11" Employed as 2nd Officer in Merchant Navy. Qualified for Chief Officer. Avoid Gotras: Kaliraman, Maan, Cont.: 09781506097
- SM 4 Jat Boy 28/5'11" B.Sc.(Marine Engineering) Convent Educated. Working in Indian Navy, Avoid Gotras: Kadyan, Malik, Tokas, Cont.: 09466203446, 08679157130
- SM 4 Jat Boy 25.6/6'1" M. Tech from PEC, Employed as Lecturer in a private College at Panchkula. Father Govt. Officer. Own House at Panchkula. Avoid Gotras: Kundu, Maan, Dhul, Cont.: 09417869505
- SM 4 Jat Boy 26.6/5'9" BS.c Computer Science Employed as Assistant in Govt. Job., Avoid Gotras: Puniya, Solath, Jhajra, Cont.: 09467782712, 09888887312
- SM 4 Jat Boy 24/6' Employed as Constable in Chandigarh Police, Avoid Gotras: Dahiya, Malik, Pawaria, Cont.: 09417567383
- SM 4 Jat Girl 27½ years B.Tech, Based MNC Engineer Package 12 Lacs P.A., Gotra : Nandal, Hoods, Lakra, Cont.: 9915805679

जाट सभा चंडीगढ़ द्वारा आन दी स्पाट निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

जाट सभा चंडीगढ़ द्वारा 4 जुलाई 2014, आज ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैक्टर 20 चंडीगढ़ के इलावा हरियाणा रा%य के विभिन्न परीक्षा केंद्रों-चौ० भरत सिंह यादगार खेल स्कुल, निडानी जिला जींद, भाई सुरेन्द्र सिंह मलिक यादगार कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कुल निडानी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुलाना जिला जींद, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामलो कलां जिला जींद, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लजवाना कलां, जिला जींद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गतोली जिला जींद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जुलाना जिला जींद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किला जफ़रगढ़ जिला जींद, ज्ञानदीप माडल स्कुल सैक्टर 18 पंचकुला व भवन विद्यालय सैक्टर 15 पंचकुला पर आयोजित की गई भाई सुरेन्द्र सिंह मलिक यादगार अखिल भारतीय आन दी स्पाट निबंध लेखन प्रतियोगिता में हरियाणा व चंडीगढ़, मोहाली के विभिन्न कालेजों व स्कूलों के लगभग 1500 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

जाट सभा द्वारा यह प्रतियोगिता हर वर्ष सभा के प्रधान डा० एम०एस०मलिक आईपीएस (सेवा निवृत) के दिवंगत बहु प्रतिभाशाली पुत्र की यादगार में आयोजित की जाती है जो कि स्कूलों व कालेजों के विद्यार्थियों में शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के विस्तार के प्रति रूची उत्पन्न करने के इलावा उनको अपनी प्रतिभा तथा विवेक द्वारा लेखन कला व शैक्षणिक दक्षता का प्रदर्शन करने का अवसर भी प्रदान करती है।

सभा के प्रधान व हरियाणा के पूर्व पुलिस महा निदेशक एम०एस०मलिक आईपीएस (सेवा निवृत) ने चौ० भरत सिंह यादगार खेल स्कुल, निडानी जिला जींद व भाई सुरेन्द्र सिंह मलिक यादगार कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कुल निडानी केंद्रों पर निबंध के आन दी स्पाट विषय - 'बेरोजगारी, भ्रष्टाचार एवं बढ़ती कीमतें वर्तमान सरकार के समक्ष अह्म समस्याएं हैं अथवा 'नशीली दवाईयों का दुरूपयोग समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती है अथवा मनोरंजन की बजाए दूरदर्शन अनुदेश तथा सूचना का मुख्य माध्यम बन गया है' की घोषणा करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया सारिका मलिक, ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर पंचकूला ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुलाना जिला जींद, केन्द्र में प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया तथा ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैक्टर 20 चंडीगढ़ केंद्र पर श्री अभिषेक मलिक द्वारा इस रा%य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। परीक्षार्थियों को हिंदी या अंग्रेजी किसी भी भाषा में निबंध लिखने की छूट प्रदान की गई और प्रतियोगिता को ग्रामीण व शहरी दो श्रेणियों में विभाजित किया गया।

इस प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के विशेषज्ञों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के बाद की जाएगी और परिणाम समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के इलावा प्रतियोगियों को डाक द्वारा भी प्रेषित किया जाएगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को 24 फ़रवरी 2015 को बंसत पंचमी तथा स्वतंत्रता पूर्व के समय के किसान तथा गरीब वर्ग के मसीहा के नाम से प्रसिद्ध नेता दीन बंधू सर छोटु राम की 133वीं जयंती समारोह के अवसर पर जाट भवन चंडीगढ़ में सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर्ता को 3100 रूपये व स्वर्ण पदक, द्वित्तीय व तृतीय स्थान पाने वालों को क्रमश: 2100 रूपये नकद व रजत पदक तथा 1500 रूपये नकद व कांस्य पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक श्रेणी में 1000 रूपये, 900 रूपये तथा 700 रूपये व 600-600 रूपये के दो सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता का सारा खर्च 'भाई सुरेन्द्र सिंह मलिक यादगार स्वास्थ्य शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान निडानी' जिला जींद द्वारा वहन किया जाता है।

सम्पादक मंडल

संरक्षक : डा. एम.एस. मलिक, आई.पी.एस. (सेवानिवृत)
सम्पादक : श्री गुरनाम सिंह, आई.एफ.एस. (सेवानिवृत)
सह-सम्पादक : डा॰ राजवन्तीमान
साज सज्जा एवं आमुख : श्री आर. के. मलिक
प्रकाशन समिति : श्री बी.एस. गिल, मो० : 9888004417
श्री जे.एस. ढिल्लो, मो० : 9416282798
वितरक : श्री प्रेम सिंह, कार्यालय सचिव, जाट भवन, चण्डीगढ़

जाट भवन 2-बी, सैक्टर 27-ए, चण्डीगढ़
फोन : 0172-2654932 फैक्स : 0172-2641127
Email : jat_sabha@yahoo.com

मुद्रक प्रकाशन एवं सम्पादक गुरनाम सिंह ने जाट सभा, चंडीगढ़ के लिए एसोशियटिड प्रिन्टर्ज़, चंडीगढ़, फोन : 0172-2650168 से मुद्रित करवा कर जाट भवन, 2-बी, मध्यमार्ग, सैक्टर 27-ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित किया।